




नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026


# ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन बिछाने बनाई योजना, खर्च होंगे 32 करोड़

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 29 अप्रैल. शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ताप्ती बैराज से बैतूल तक समानांतर पाइपलाइन बिछाने और एक अतिरिक्त इंटकवेल निर्माण की योजना है। इस परियोजना के एस्टीमेट की अनुमानित लागत करीब 32 करोड़ रूपये है।**

**ताप्ती बैराज से आ रहा साढ़े सात एमएलडी पानी**

**दूसरी पाइप लाइन बिछने से मिलेगा पर्याप्त पानी**

प्रस्ताव के अनुसार ताप्ती बैराज से बैतूल तक पाइप लाइन बिछाई जायेगी। इसके अलावा बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरूस्त करने की कवायद भी जारी है। बताया जा रहा है कि शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछानी पड़ रही है। परियोजना की लागत अधिक होने के पीछे बड़ा कारण इसका तकनीकी और भौगोलिक रूप से जटिल होना भी बताया जा रहा है। वर्तमान में नगरपालिका जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के डैम से पेयजल के लिए पानी प्राप्त कर रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी नहीं है। लोकल एग्रीमेंट पर डब्ल्यूडीआर नपा को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करा रहा हैं, लेकिन आने वाले तीन से चार वर्षों में ड्रिप एरिगेशन योजनाओं के विस्तार होने से डैम का पानी सिंचाई के लिए प्राथमिकता से उपयोग किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नगरपालिका को पेयजल के लिए मिलने वाला पानी प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा डब्ल्यूआरडी से पानी की आपूर्ति



को लेकर शासन स्तर से कोई दीर्घकालिक अनुबंध भी नहीं है। ऐसे में जल उपलब्धता को लेकर स्पष्टता नहीं है कि शहर को डैम से कब तक पानी मिलता रहेगा।

**ताप्ती बैराज से आ रहा साढ़े एमएलडी पानी :** शहर में अभी ताप्ती बैराज से केवल साढ़े 7 एमएलडी पानी आ रहा है। यह शहर की जरुरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि अभी शहर में एक दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है। नवागत सीएमओ नवनीत पांडेय ने पिछले दिनों ताप्ती बैराज का निरीक्षण कर ज्यादा पानी शहर तक लाने की संभावनाएं तलाशी थी। इसमें यह विकल्प सामने आया था कि यदि एक और पाइप लाइन बिछा दी जाए तो दोगुनी मात्रा में पानी लाया जा सकता है। इस कार्य में ताप्ती बैराज से बैतूल तक बिना नेटवर्क वाले क्षेत्र में करीब 15 किमी लंबी पाइप लाइन और नया इंटकवेल बनाना शामिल है।

**पाइप लाइन बिछने विभागों से एनओसी लेना जटिल प्रक्रिया** : दूसरी पाइप लाइन बिछाने के दौरान बैतूल-इंदौर फोरलेन, माचना ब्रिज, रेलवे लाइन सहित कई पुल पुलियाओं को पार करना पड़ेगा। इन स्थानों पर कार्य करने संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होगा, जो एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है।

> सीएमओ साहब ने एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये थे। एस्टीमेट बनाकर दे दिया गया है। दूसरी पाइप लाइन बिछाने और इंटकवेल बनाने के लिए अनुमानित 30 से 32 करोड़ रूपये खर्च होगे।
>
> **- नीरज धुर्वे, सब इंजीनियर, नपा बैतूल**

### शहर में एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई

अभी वर्तमान में शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं आने से फिल्टर प्लांट की पूरी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 23 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की है, लेकिन ताप्ती बैराज से अभी साढ़े 7 एमएलडी पानी ही आ पाता है। यदि एक और पैरेलल पाइप लाइन बिछ जाती है तो 15 एमएलडी पानी आ सकता है और यह पूरा-पूरा फिल्टर करके सप्लाई किया जा सकता है। अभी साढ़े 7 एमएलडी पानी आने के कारण एक नई टंकी को बनने के बाद से अभी तक नहीं भरी जा सकी है। इसके अलावा 4 और नई टंकियों का निर्माण भी हो रहा है। नगरपालिका के पास फिल्टर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह सारी स्थिति बन रही है।

### अनुमानित 32 करोड़ रुपये का है एस्टीमेट

नगरपालिका द्वारा ताप्ती बैराज से बैतूल तक दूसरी पाइप लाइन बिछाने और इंटकवेल बनाने की योजना पर कार्य किया जाता है तो इसके लिए अनुमानित 32 करोड़ रूपये खर्च होगे। नगरपालिका इस प्लान पर कार्य शुरू करने की तैयारी भी करती है तो शासन स्तर पर बजट मिलना चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि पेयजल सप्लाई के सेटअप के लिए शासन पहले ही नगरपालिका को करोड़ों रुपए की राशि दे चुका है। ऐसे में दोबारा सेटअप तैयार करने के लिए इतनी बड़ी राशि दिया जाना मुश्किल नजर आता है। फिलहाल ताप्ती बैराज के टूटे हुए हिस्से को ठीक करना होगा। जिसके बाद ही यहां पर्याप्त मात्रा में पानी रोका जा सकता है।

## एक नजर में

### पशु कोठे में आग लगने से 5 मवेशी झुलसे

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम सांडिया में बुधवार की दोपहर लगभग करीब 1.50 बजे एक किसान के खेत मे स्थित कोठे मे आग लगने से 5 मवेशी आग की चपेट मे आने से बुरी तरह झूलस गए। बताया जाता है बुधवार की दोपहर ग्राम सांडिया मे किसान विनायक भूजाडे के खेत स्थित पशु कोठे में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओ के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि कोठे में बंधे 5 मवेशी आग की चपेट में आने से बुरी तरह झूलस गए। तेज हवाओ से फैली आग ने आसपास के खेतों की भी अपनी चपेट मे ले लिया। जिससे खेतों की नरवाई, भूसा एवं पेड़ जल गए। सूचना मिलते ही नगर पालिका के दोनों फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में फायर कर्मचारी मनोज सिंह, धनराज पवार, गिरीश पिपले, विजय बडघरे एवं सुमित पूरी की सराहनीय भूमिका रही।

### मिक्सर मशीन पलटी, बुजुर्ग गंभीर घायल

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मोक्षधाम मोड़ पर बुधवार को एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वहां से गुजर रहा एक साइकिल सवार बुजुर्ग मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से मशीन को हटाकर यातायात बहाल कर दिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार मिक्सर मशीन मोक्षधाम मोड़ से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और मशीन सड़क पर पलट गई। उसी समय वहां से गुजर रहे साइकिल सवार बुजुर्ग इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को संभाला और इलाज के लिए बैतूल के जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग कर यातायात रोका और क्रेन की मदद से पलटी हुई मशीन को सीधा कर सड़क किनारे करवाया, जिसके बाद मार्ग पुन: खोला गया।

## गांजा बेचने के फिराक में थे नाबालिग, पुलिस ने विफल किया प्रयास

**मुलताई।** क्षेत्र मे 2 नाबालिग से गांजा विक्रय कराने का प्रयास मुलताई पुलिस द्वारा विफल कराते हुए मुख्य आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा केस दर्ज किया है।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि बीते 27 अप्रैल 2026 को थाना मुलताई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मासोद रोड हाईवे ब्रिज के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेचने के उद्देश्य से आए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां दो संदिग्ध व्यक्ति एक झोला लिए दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर



भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।पूछताछ में दोनों के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से एक थैली में रखा मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ, जिसका वजन लगभग 1.408 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए पाई गई। वहीं अपराध मे संलिप्त एक बाइक कीमत करीब 70 हजार रुपए की जप्त की गई। प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिगों ने बताया कि उक्त गांजा ग्राम गरव्हा निवासी किशन दरवाई द्वारा बिक्री के लिए दिया गया था। इस आधार पर आरोपी किशन दरवाई के विरुद्ध भी अपराध दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। वहीं पुलिस द्वारा धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 95 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। नाबालिगों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।उक्त कार्रवाई मे थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार, उप निरीक्षक सुनील सरेयाम, प्रधान आरक्षक सुशील धुर्वे, प्रधान आरक्षक गजराज, आरक्षक अरविंद पटेल एवं आरक्षक प्रिंस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंडी टैक्स जमा किए बिना जा रहा ट्रक पकड़ाया

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर खम्बारा टोल के पास कृषि उपज मंडी समिति के कर्मचारियों द्वारा जांच के दौरान मंडी टैक्स जमा किए बिना सोयाबीन लेकर जा रहे एक ट्रक को मंगलवार रात करीब 3 बजे जप्त कर कृषि मंडी परिसर मे खड़ा करवाया गया। मंडी अधिकारियो द्वारा ट्रक चालक से मंडी टैक्स की 5 गुना राशि एवं अर्थदंड की राशि जमा कर ट्रक छोड़ा गया है। मंडी सचिव शीला खातरकर ने बताया नागपुर हाईवे पर खम्बारा टोल के पास वाहनों की जांच के दौरान एक ट्रक क्रमांक एमपी 12 जेडएफ 9440 कों रोका, जिसमे सोयाबीन भरा था।ट्रक



चालक अकरम पिता सलीम मुसलमान 42 साल निवासी खंडवा से मंडी टैक्स से सम्बंधित कागजात पूछे जाने पर उसके पास कोई वैध दस्तावेज नही होने से ट्रक जप्त कर मंडी परिसर मे खडा करवाया गया। ट्रक चालक अकरम ने बताया खंडवा से ट्रक मे सोयाबीन भर कर महाराष्ट्र के रास्ते राजनन्दगांव छत्तीसगढ़ जा रहा था। ट्रक मे 354 क्विंटल 85 किलो सोयाबीन भरी होने पर ट्रक चालक पर कार्रवाई करते हुए मंडी टैक्स का 5 गुना राशि सहित अर्थदंड कुल राशि 1 लाख 29 हजार 970 रुपए जमा कर ट्रक छोड़ा गया।

## फूड विभाग ने की जांच, फल दुकानों पर नहीं मिले खराब तरबूज

**बैतूल।** सोशल मीडिया पर खराब तरबूज के वायरल वीडियो सामने आने के बाद फूड विभाग ने बुधवार को शहर की विभिन्न फल दुकानों पर जांच अभियान चलाया। विभाग की टीम ने खास तौर पर तरबूज बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया और फलों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई दुकानों पर तरबूज काटकर भी देखा, ताकि अंदर से उनकी स्थिति की सही जानकारी मिल सके। जांच में राहत भरी बात यह रही कि शहर में कहीं भी खराब या सड़े हुए तरबूज नहीं मिले। सभी दुकानों पर रखे तरबूज सामान्य और बिक्री योग्य पाए गए। इसके साथ ही टीम ने यह भी जांच की कि कहीं फलों को कृत्रिम तरीके से पकाने के लिए कार्बाइड जैसे रसायनों का उपयोग तो नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों ने दुकानों पर रखे अन्य फलों की भी जांच की, लेकिन कहीं भी इस तरह की अनियमितता सामने नहीं आई। हालांकि कुछ दुकानों पर अन्य खराब और सड़े हुए फल जरूर मिले, जिन्हें मौके पर ही नगर पालिका की मदद से नष्ट कराया गया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर एक साथ घरों में होंगे गायत्री महायज्ञ

**मुलताई।** बुद्ध पूर्णिमा केअवसर पर गायत्री परिवार के भाई बहनों द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देश पर गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ एक विशाल अभियान के रूप संपूर्ण विश्व में एक साथ एक समय पर सुबह 6 बजे से से दोपहर 12 बजे तक सम्पन्न होगा,जिसमें गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित की जाएगी। अभियान को सफल बनाने गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहनों के द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। गायत्री परिवार के जो भाई बहन कर्मकांड जानते हैं वे स्वयं तो अपने अपने घरों में यज्ञ करेंगे ही साथ ही अपने आस पड़ोस के घरों में भी सामूहिक रूप से गायत्री यज्ञ सम्पन्न करवाएंगे साथ ही उन्हें सद साहित्य के अध्ययन करने,घरों में देव स्थापना कर मंत्र जप करने,गायत्री मंत्र लेखन करने हेतु प्रेरित भी करेंगे। तहसील समन्वयक एवं मीडिया प्रभारी नारायण देशमुख ने बताया कि प्रति वर्ष शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन पूरे विश्व में एक साथ एक समय पर गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा विश्वकल्याण की भावना के साथ हर घर में गायत्री महायज्ञ कर राष्ट्र में सुख शांति समृद्धि एवं विश्व कल्याण की भावना से गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित कर यज्ञ सम्पन्न किया जाता हैं। एक साथ हजारों घरों में यज्ञ होने से इस यज्ञ में औषधिय हवन सामग्री के आहुत होने से उठने वाले धूम्र से वातावरण का परिशोधन तो होता ही है साथ ही यज्ञीय परम्परा एवं सनातन संस्कृति को भी बल मिलता हैं। जोन सह समन्वयक एवं वेदमाता गायत्री ट्रस्ट मुलताई के व्यवस्थापक रामचंद्र गायकवाड़, जिला समन्वयक रविशंकर पारखे,उपजोन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे, तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने गायत्री परिवार के कार्यकर्ता से आग्रह कि अधिक घरों में गायत्री महायज्ञ सम्पन्न करवाकर पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाये।

## नरवाई जलाने वाले 11 किसानों पर जुर्माना, 2 पर एफआईआर

**बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जिले में रबी फसल गेहूं की कटाई के बाद फसल अवशेष नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है।**

आदेश का उल्लंघन करने पर 11 किसानों पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत कुल 37 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार बैतूल विकासखंड में 5 प्रकरणों में 20 हजार रुपए, चिचोली में 2 प्रकरणों में 5 हजार रुपए, आमला में 3 प्रकरणों में 7 हजार 500 रुपए तथा भैंसदेही में 1 प्रकरण में 5 हजार रुपए का दंड अधिरोपित किया गया है।

इसके अलावा घोड़ाडोंगरी और भीमपुर विकासखंड के 2 किसानों के खिलाफ नरवाई जलाने के मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि नरवाई जलाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है और इससे मिट्टी की उर्वरता पर भी विपरीत असर पड़ता है। किसानों से अपील की गई है कि वे फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं, अन्यथा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सारनी में रंग संस्कृति नाट्य संस्थान का शुभारंभ

**पाथाखेड़ा।** सारनी नगर में रंगमंच और अभिनय के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलते हुए रंग संस्कृति नाट्य संस्थान का विधिवत शुभारंभ 25 अप्रैल 2026 को किया गया। वार्ड क्रमांक 34, रानी दुर्गावती वार्ड स्थित शोभापुर कॉलोनी में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस संस्थान की स्थापना प्रख्यात नाटककार बालकराम यादव एवं फिल्म लेखक-निर्देशक रविराजवीर भारती द्वारा की गई है। संस्थान का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों और नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनके अभिनय



कौशल को निखारना तथा उन्हें रंगमंच के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाना है। अब सारनी के युवाओं को अभिनय सीखने के लिए बड़े शहरों या महानगरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे यहीं रहकर पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हुनर को विकसित कर सकेंगे और भविष्य में फिल्म एवं नाट्य जगत में करियर बना सकेंगे।कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर घनश्याम मालवीय, महेंद्र सिंह ठाकुर, सिंगर एवं अभिनेता निराकार सागर, देव सोनी सहित अनेक कला प्रेमियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और संस्थान की इस पहल की सराहना की। रंग संस्कृति नाट्य संस्थान का यह प्रयास न स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगा, बल्कि एक सशक्त रंगमंचीय पहचान दिलाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## बैतूल जिले के 1.28 लाख पेंशनरों को 7.72 करोड़ किए अंतरित

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय भोपाल से पेंशन योजनाओं के लगभग 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को कुल 200.71 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया। बैतूल जिले के 1 लाख 28 हजार 714 पेंशनरों को कुल 7 करोड़ 72 लाख 28 हजार 400 रुपए की राशि उनके खातों में अंतरित की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बैतूल कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में वेब-कास्ट के जरिए किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग





की अधिकारी सुश्री रोशनी वर्मा उपस्थित रहीं। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित पेंशन योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए महत्वपूर्ण सहारा हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने हितग्राहियों से भी अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुश्री रोशनी वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से शासन द्वारा समाज के निर्धनों एवं निराश्रितों यथा- वृद्धजनों, कल्याणियों, परित्यक्ताओं, अविवाहिताओं एवं दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रति हितग्राही 600 रुपए की आर्थिक सहायता प्रतिमाह प्रदान की जा रही है।

**विवाह** | पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, भीमपुर में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 29 अप्रैल.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत भीमपुर द्वारा खेल मैदान भीमपुर में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष भीमपुर भैयालाल इरपाचे, जनपद उपाध्यक्ष प्रेमलता कास्दे, नगर परिषद अध्यक्ष भैंसदेही मनीष सोलंकी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जनपद पंचायत सीईओ भीमपुर ने बताया कि इस आयोजन में 155 जोड़े जनजातीय समुदाय, 37 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 8 अनुसूचित जाति



वर्ग के शामिल रहे। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को शासन की ओर से 49 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह योजना सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से संचालित की जाती है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह संबंधी खर्च में सहयोग देना है। विवाह समारोह में शामिल नवदंपतियों और उनके परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन की इस पहल को सराहा। इस दौरान वन विभाग रेंज मोहदा द्वारा सभी जोड़ों को फलदार पौधे भी वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में एसडीएम भैंसदेही अजीत मरावी, जनपद सीईओ भीमपुर नानसिंह चौहान, उप संचालक सामाजिक न्याय रोशनी वर्मा, तहसीलदार वसंत बरखानिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रमोद खाड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**घोड़ाडोंगरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह 30 अप्रैल को :** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल को सतपुड़ा ग्राउंड,घोड़ाडोंगरी में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह को सरल, सम्मानजनक एवं सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराना है। कार्यक्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि वर-वधू एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करें।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्र./निविदा सूचना/लो.नि.शा./2026/83 मुलताई, दिनांक 28.04.2026

**//निविदा सूचना (प्रथम)//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में लोक निर्माण विभाग में C क्लास या इससे उपर के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_503773_1 दिनांक 28.04.2026 | पटेल वार्ड में श्री झनकलाल पंवार से श्री एन. झारे के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.02 माह 2.918882.00 | 1.रू.2000/- 2.रू.9188/- | 13.05.2026 |

नोट :- देयको का भुगतान निकाय की वित्तीय स्थिति के अनुसार किया जावेंगा एवं निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेंगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेंगा।

**(श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार)** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुलताई

**(श्री शिवकुमार माहोरे)** उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुलताई

**(श्री वीरेन्द्र तिवारी)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषदं मुलताई